डॉ. प्रदीप कुमार राव, प्रभारी, महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र, का दिनांक 23 मार्च 2021 को महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र की समीक्षा बैठक कार्यक्रम की कार्यवाही

आज दिनांक 23 मार्च 2021 को कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रोफेसर अजेय गुप्ता, दी.द.उ.गो.वि.वि. गोरखपुर, डॉ. संजय सिंह, प्रधान वैज्ञानिक आई.सी.ए.आर. – एन. आई. पी. बी. नई दिल्ली, डॉ. संदीप कुमार सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, एवं केन्द्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ के साथ कर्मचारी सम्मिलित हुए। बैठक की कार्यवाही निम्नवत हैं –

1. प्रो. अजेय गुप्ता द्वारा बैठक में दिनांक 31/01/2021 में बनायी गयी कार्य योजना में आने वाली बाधाओं के बारे में विषय वस्तु विशेषज्ञों से जानकारी मांगी गयी।
2. प्रो. अजेय गुप्ता द्वारा निर्मित किसान उत्पादक संगठनों के नाम, सदस्यों की संख्या, आर्टिकल ऑफ एसोसिएसन, आर्टिकल ऑफ मेमोरेंडम के पेपर मेल पर उपलब्ध कराने हेतु कहा गया।
3. डॉ. प्रदीप कुमार राव द्वारा 16/12/2020 की बैठक की कार्य योजना के 11 बिन्दुओं पर वार्ता कर उसके प्रगति के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक सुझाव एवं निर्देश दिये गये।
   - डॉ. प्रदीप कुमार राव द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र की वेबसाइट पर पूर्व बैठक में तय किसानों का डाटा बेस डालने की प्रगति विषय वस्तु विशेषज्ञों से पूछी गयी तथा कार्य में तेजी लाने के लिए कहा गया।
   - डॉ. प्रदीप कुमार राव द्वारा गोरखपुर में या केन्द्र से ज्यादा दूर रह रहे कर्मचारियों को कृषि विज्ञान केन्द्र के पास रहने हेतु निर्देशित किया गया।
   - बैठक में नवनिर्मित प्रत्येक किसान उत्पादक संगठन में दिनांक 19 अप्रैल 2021 तक 250 किसानों को जोड़ने हेतु कहा गया एवं प्रत्येक एफ.पी.ओ. में 250 किसानों का डाटा केन्द्र की वेबसाइट पर 20 अप्रैल तक डाल दिया जाय।
   - डॉ. प्रदीप कुमार राव द्वारा बैठक में कृषि विज्ञान केन्द्र के निर्मित आवास में रह रहे स्टाफ के टी.ए. मिलने हेतु पत्र बनाकर प्रभारी द्वारा उपाध्यक्ष महोदय को भेजने हेतु डॉ. संदीप कुमार सिंह को निर्देशित किया गया।
   - डॉ. अजीत कुमार श्रीवास्तव द्वारा उद्यान विषय के अन्तर्गत केन्द्र के प्रक्षेत्र पर मचान विधि द्वारा सब्जी उत्पादन इकाई तैयार की जाय।
4. डॉ. संजय सिंह द्वारा विषय वस्तु विशेषज्ञों के आवास निर्माण हेतु आई.सी. ए. आर. से बजट की मांग हेतु निदेशक अटारी को उपाध्यक्ष महोदय के हस्ताक्षर से पत्र भेजने हेतु डॉ. संदीप कुमार सिंह को कहा गया।

क्रम संख्या	नाम	हस्ताक्षर
1.	डॉ. प्रदीप कुमार राव, प्रभारी, महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र	
2.	प्रो. अजेय गुप्ता, प्रोफेसर, दी.द.उ.गो.वि.वि. गोरखपुर	
3.	डॉ. संजय सिंह, प्रधान वैज्ञानिक, आई.सी.ए.आर. – एन.आई.पी.बी.	
4.	डॉ. संदीप कुमार सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र	
5.	डॉ. विवेक प्रताप सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ – पशु पालन	
6.	डॉ. अजीत कुमार श्रीवास्तव, विषय वस्तु विशेषज्ञ – उद्यान	
7.	डॉ. राहुल कुमार सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ – कृषि प्रसार	
8.	डॉ. संदीप प्रकाश उपाध्याय, विषय वस्तु विशेषज्ञ – मृदा विज्ञान	
9.	श्रीमती श्वेता सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ – गृह विज्ञान	
10.	श्री आशीष कुमार सिंह, प्रक्षेत्र प्रबंधक	
11.	श्री शुभम पाण्डेय, सहायक	